# जागराता है आज मैया | By Mukesh Bagda |

जागराता है आज...
मैया, आज तुमको आना है
हमें दर्शन दिखाना है
जागराता है आज...

दरबार में तेरे गुनगान गाने को दीवाने आ गए
झूमते गाते चरणों में माँ तेरे मस्ताने आ गए
आज तो तेरी भक्ति में ही रम जाना है
हमें दर्शन पाना है
जागराता है आज...

माँ के भक्तों ने मिलकर दरबार सजाया है
पधारो शेरोंवाली, तेरे दर पर आकर के माँ जोत जलाई है
माँ आओ जोतावाली, माँ लाल चुनरिया से तेरे रूप को सजाया है
तुम्हे भोग लगाया है
जागराता है आज मैया, आज तुमको आना है

बड़े भाव से हमने तुमको बुलाया है
भवानी आओ, तेरे कदमों में मैया सर को झुकाया है
भवानी आओ ना, जगराते में आज मैया तेरे गुण गाना है
अरदास लगाना है
जागराता है आज मैया, आज तुमको आना है

भक्तों में छाई है माँ आज खुशहाली
शरण में आपके मस्ती में झूमे हैं, तेरे चरण चूमे हैं
कृपा से आपकी तेरा दर्शन आज मैया हमको भी तो पाना है
तुम्हे अर्जी लगाना है
जागराता है आज मैया, आज तुमको आना है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%86%e0%a4%9c-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-by-mukesh-bagda/